पेज थ्री देहरादून

देहरादून बृहस्पतिवार 27 अगस्त 2020 पेज 8

# हमारा दून

चैंपियन की वापसी के विरोध में सरकार का पुतला फूंकते हुए यूकेडी कार्यकर्ता।



## संक्षिप्त समाचार

### समाज सेवियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। नागरिक शिक्षा एवं विकास समिति के तत्वावधान में उन समाज सेवियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा ने नागरिक शिक्षा एवं विकास समिति के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह 2020 में समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए देवेन्द्र पाल सिंह मोंटी पार्षद, निखिल कुमार पार्षद, सुनील कुमार बांगा अध्यक्ष महानगर व्यापार मंडल कांग्रेस,पीयूष गौड़ महानगर प्रभारी सेवा दल कांग्रेस ,श्रवण कुमार वर्मा ब्लेसिंग फार्म को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया व शेष को समिति के सचिव एस पी दुबे ने सम्मानित किया।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चैम्पियन पुतला दहन किया

**संवाददाता** देहरादून। खानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन को पुनः भाजपा में शामिल करने पर आक्रोशित एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने भाजपा व चैम्पियन का पुतला दहन किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता डीएवी पीजी कॉलेज इकाई प्रभारी हिमांशु रावत के नेतृत्व में डीएवी पीजी कॉलेज में इकट्ठा हुए और वहां से विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता की शिकायत की गई

**संवाददाता** डोईवाला। दून पब्लिक स्कूल भानियावाला देहरादून और माउंट लिट्राजी स्कूल भानियावाला देहरादून के द्वारा दी जा रही ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता की शिकायत वेबिनार के माध्यम से समाजसेवी योगेश राघव ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग से की गई। बाल अधिकार संरक्षण आयोग देहरादून की अध्यक्ष ऊषा नेगी के द्वारा एक वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें 13 जिले के अभिभावक, स्कूल प्रबंधक और शासन प्रशासन स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं की मौत के मामले पर सौपा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में खस्ता हाल चिकित्सा स्वास्थ सेवाओं के विरोध में व पिछले सप्ताह गैरसैण तथा अल्मोड़ा में लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते हुयी गर्भवती महिलाओं की मौत के मामले को लेकर कांग्रेसजनों ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

# महिलाओं में स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएः राज्यपाल

**कोशिश**

■ राज्यपाल मौर्य बोलीं, मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन पर फोकस जरूरी

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना संक्रमितों की मृत्यु होने पर उनके अंतिम दर्शन को निकटतम स्वजनों को अनुमति देने के लिए मुख्य सचिव को एसओपी जारी करने के निर्देश देने जैसी मानवीय पहल करने वाली राज्यपाल बेबी रानी मौर्य बुधवार को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे किए।

राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड एक आध्यात्मिक और नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर राज्य है। दो वर्ष के दौरान मुझे सभी जिलों के भ्रमण का अवसर मिला। महिलाओं और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। मेरी कोशिश रही कि महिलाओं में स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जाए। बात सरकार की हो या फिर अधिकारियों से लेकर आम जनता तक की, सभी से स्नेह और सम्मान मिला। कोविड–19 पर सरकार अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रही है, लेकिन हमें भी व्यक्तिगत स्तर पर सुरक्षित शारीरिक दूरी और मास्क लगाने जैसे नियमों का पालन करना चाहिए।

आम जन की सहभागिता से ही कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मैंने स्वयं दून कोविड अस्पताल और ग्राफिक एरा में क्वारंटाइन सेंटर जाकर डॉक्टरों, नर्सों से मुलाकात की, उनका हौसला बढ़ाया। कई जिलों के मेडिकल स्टाफ से फोन पर भी बात की। किसी भी राज्य की प्रगति के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा सबसे जरूरी होती है। मेरी अपेक्षा रहती है कि विश्वविद्यालय मौलिक शोध को बढ़ावा दें। तीन–चार महीने के अंतराल पर कुलपतियों की बैठक आयोजित कर विचार साझा करती रहती हूं।

फीस में बहुत अधिक बढ़ोतरी से निश्चित रूप से छात्रों और अभिभावकों को परेशानी होती है। मेरे संज्ञान में यह जानकारी नहीं है। अगर मेडिकल छात्र इस संबंध में राजभवन को प्रत्यावेदन देते हैं तो इसका अध्ययन कर देखूंगी कि इन्हें राहत देने के लिए क्या किया जा सकता है।

उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में महिलाएं बहुत अधिक मेहनत करती हैं। मेरा मानना है कि स्वयं सहायता समूहों के जरिये राज्य में महिलाओं की आर्थिकी को सुधारा जा सकता है। पिछले वर्ष राजभवन में राज्य में सेवारत महिला अधिकारियों के लिए महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य उन्हें महिलाओं के प्रति उनके कर्तव्य के लिए संवेदनशील और प्रेरित करना था।

संस्कृति और परंपरा को सहेजना बहुत जरूरी है। यह हमारी अमूल्य धरोहर है। इसीलिए राजभवन में हर साल आयोजित होने वाले गवर्नर्स रिसर्च अवार्ड में मैंने लोकभाषा व संस्कृति से संबंधित शोध के लिए एक अलग श्रेणी निर्धारित की। अभी हाल ही में मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ, जो हमेशा स्मृति में रहेगा।

**उत्तराखंड में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए**

मंडुवा, झंगोरा, राजमा जैसे पौष्टिकता से भरपूर अनाजों को ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। हालांकि, सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके अलावा नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण उत्तराखंड की वादियां हमेशा से हर किसी को आकर्षित करती हैं। ऐसे में योग और वेलनेस पर फोकस किया जाना चाहिए। वेलनेस के अंतर्गत योग, पंचकर्म, स्पा जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने से राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

## चैंपियन की भाजपा में वापसी के विरोध में यूकेडी ने सरकार का पुतला फूंका

ऋषिकेश। उत्तराखंड वासियों को अपशब्द कहने वाले खानपुर विधायक कुंवर प्रणव चौंपियन को पुनः भाजपा में शामिल किए जाने पर उत्तराखंड क्रांति दल ने विरोध दर्ज करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। उत्तराखंड क्रांति दल ने खानपुर विधायक कुंवर प्रणव चौंपियन की वापसी को प्रदेश की जनता का अपमान बताते हुए उन्हें तत्काल पार्टी से हटाने की मांग की है।

बुधवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। उत्तराखंड क्रांति दल के संरक्षक और पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि उत्तराखंड को अभद्र शब्दों से संबोधित करने वालों विधायक कुंवर प्रणव चौंपियन ने प्रदेशवासियों का अपमान किया है। उन्हें भाजपा ने छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया था। मगर, कुछ महीनों में ही भाजपा ने उन्हें पार्टी में शामिल कर दिया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा को दोहरे चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि चौंपियन को पार्टी में दोबारा वापस लाकर भाजपा ने प्रदेश की जनता का अपमान किया है।

# कोरोना पर अगस्त उत्तराखंड के लिए भारी पड़ रहा है

**कोरोना अपडेट**

■ एम्स ऋषिकेश में कोरोना संक्रमित चार मरीजों की हुई मौत

देहरादून। **संवाददाता**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में कोरोना संक्रमित चार मरीजों की मौत हुई है। इनमें तीन महिलाएं शामिल है। एम्स प्रशासन के मुताबिक ऋषिकेश निवासी 52 वर्षीय पुरुष, चंपावत निवासी 47 वर्षीय महिला, हरिद्वार निवासी 62 वर्ष और 47 वर्ष की महिला की मौत हुई है। यह चारों मरीज अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे।

**मसूरी विधायक गणेश जोशी सेल्फ क्वारंटाइन हुएः** मसूरी विधायक गणेश जोशी सेल्फ क्वारंटाइन हुए हैं। बता दें कि दो दिन पूर्व मसूरी में क्षेत्रवासियों से विधायक मिले थे, जिनमें से एक व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना है। इस पर विधायक ने एहतियात के तौर पर खुद को क्वारंटाइन करने का फैसला किया है।

**लैंसडौन में पांच और लोगों की कोरोना रिपोर्ट आई पॉजीटिव**

लैंसडौन में पांच और लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। जिससे कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। छावनी परिषद ने बुधवार को प्रस्तावित कैंट की बोर्ड बैठक को स्थागित कर दिया है। एसडीएम अर्पणा ढौढ़ियाल ने बताया की संक्रमित लोगों के संपर्क में आने वाले लोगों की सूची तैयार करने के बाद कैंट क्षेत्र को सील करने पर विचार किया जाएगा।

**उत्तराखंड में पिछले 25 दिन में सामने आए कोरोना के 8831 नए मामलेः** कोरोना के लिहाज से अगस्त का महीना उत्तराखंड के लिए भारी पड़ रहा है। पिछले 25 दिन में कोरोना के 8831 नए मामले सामने आए हैं, यानी हर दिन औसतन 350 संक्रमित। मंगलवार को 485 लोग में कोरोना की पुष्टि हुई है। इन्हें मिलाकर अब तक प्रदेश में कुल 16014 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 11201 लोग ठीक हो गए हैं। फिलवक्त अलग–अलग अस्पतालों व कोविड केयर सेंटर में 4537 मरीज भर्ती हैं। 55 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं।



## नई शिक्षा नीति को निरस्त किये जाने की मांग, प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। नई शिक्षा नीति को निरस्त किये जाने की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून महाविद्यालय में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक का पुतला दहन किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता डीएवी पीजी कॉलेज में प्रदेश महासचिव विकास नेगी के नेतृत्व में इकट्ठा हुए ओर वहां पर नई शिक्षा नीति को निरस्त किये जाने की मांग को लेकर केंन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर विकास नेगी ने कहा की भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति एवं नीट परीक्षा जो 13 सितंबर 2020 से घोषित की जानी है और एनएसयूआई मांग करती है कि नई शिक्षा नीति एवं नीट परीक्षा स्थगित की जाए एवं अंतिम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को प्रमोट किया जाए।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०- 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।